एक नजर में

अधिक समय से लंबित 15 आवेदनों पर सुनवाई

रतलाम। शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर मिशा सिंह द्वारा जनसुनवाई के ऐसे आवेदन जो अधिक समय से लंबित है, पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर कक्ष में संबंधित आवेदनकर्ता एवं संबंधित विभाग प्रमुख की उपस्थिति में समस्या को सुना तथा आवेदको एवं विभाग प्रमुखों से समक्ष मे चर्चा कर आवेदनों का निराकरण किया गया। आज 15 लंबित आवेदनों की सुनवाई की गई जिसमें से 8 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविर

रतलाम। शासन की विभिन्न जन योजनाओं/ सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय किये जाने हेतु ''संकल्प से समाधान अभियान'' के तहत नगर निगम द्वारा अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, कस्तुरबा नगर पानी की टंकी, नरसिंह वाटिका, हरमाला पम्प हाउस, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड व फायर स्टेशन भवन नगर निगम में 12 जनवरी से 31 मार्च तक कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है। 31 मार्च तक आयोजित शिविरों के तहत वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 के लिये अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13, 14 व 15 के लिये कस्तुरबा नगर पानी की टंकी, वार्ड क्रमांक 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 44, 45, 46 व 47 के लिये नरसिंह वाटिका, वार्ड क्रमांक 23, 24, 25, 26, 41, 42 व 43 के लिये हरमाला पम्प हाउस, वार्ड क्रमांक 27, 28, 29, 30, 31, 32, 34, 36 व 37 के लिये अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड व वार्ड क्रमांक 33, 35, 38, 39, 40, 48 व 49 के लिये फायर स्टेशन नगर निगम कार्यालय में शिविर आयोजित किये गये है। आयोजित शिविर में पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की चिन्हीत हितग्राही मूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं जिनके लक्ष्य निर्धारित है, के लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिये प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु उसी समय योजना से संबंधित आवेदन भरवाया जावेगा एवं आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कराकर आवेदन के साथ संलग्न किये जायेंगे।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

रतलाम। जिला न्यायालय रतलाम परिसर में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला रतलाम द्वारा सेवा सप्ताह के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती संध्या बेलसरे के निर्देशानुसार जिला अभिभाषक संघ रतलाम पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रतलाम सुश्री नीना आशापूरे, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश आशीष श्रीवास्तव, सीजे अनुपम तिवारी, अध्यक्ष अभिभाषक संघ राकेश शर्मा, रेडक्रॉस चेयरमैन प्रीतेश गादिया की उपस्थिति में जिला अभिभाषक व आगंतुकों का स्वास्थ्य परीक्षण आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ पवन कुमावत, डॉ प्रदीप विश्वास, डॉ स्वालेहा परवीन द्वारा स्वास्थ्य जांच, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ गोरी स्वामी व नेत्र चिकित्सा सहायक बाजना के. एस. चौहान द्वारा नेत्र संबंधी जांच एवं भूपेंद्र श्रेष्ठ, सुरेश कुमावत, पवन धाकड़ लेब टेक्नीशियन द्वारा जांच कर नि:शुल्क औषधी का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में श्रीमती पुष्पा दडीग, राकेश बडकुल, वैभव त्रिवेदी, दर्पण त्रिवेदी,, शबनम खान, रीना भट्ट का सहयोग रहा। स्वास्थ्य शिविर के दौरान कुल 111 मरीजों का परीक्षण किया गया।

आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन करने की समय-सीमा में परिवर्तन

रतलाम। रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में तथा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरक्षण चार्ट तैयार करने की समय में 11 जनवरी 2026 से परिवर्तन किया गया है जिसमें ट्रेनों का आरक्षण चार्ट कम से कम 10 घंटे पहले तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में आपातकालीन कोटा आवंटन की समय सीमा में परिवर्तन के साथ ही आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन लेने की समय सीमा में भी परिवर्तन किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन निम्नानुसार स्वीकार किए जाएंगे– जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय 05:01 बजे से 18:00 बजे के मध्य है, उनके लिए आपातकालीन कोटा के आवेदन एक दिन पूर्व प्रात: 11:30 बजे तक संबंधित बॉक्स में जमा किए जा सकते हैं। जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय 18:01 बजे से 23:59 बजे के मध्य है, उनके लिए आपातकालीन कोटा के आवेदन एक दिन पूर्व अपराह्न 13:00 बजे तक बॉक्स में जमा किए जा सकते हैं। जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय अगले दिन 00:01 बजे से 05:00 बजे के मध्य है, उनके लिए आपातकालीन कोटा के आवेदन दो दिन पूर्व अपराह्न 16:00 बजे तक बॉक्स में जमा किए जा सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आपातकालीन कोटा के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। नई व्यएवस्था के अनुसार निर्धारित समय-सीमा का ध्यान रखते हुए अपने आवेदन प्रस्तुत करें, जिससे आवेदनों का नियमानुसार समय पर निपटारा सुनिश्चित किया जा सके।

नपा सफाई कर्मचारी संघ के शिव चांवरे अध्यक्ष मनोनीत

जावरा। नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ द्वारा नपा टाउन हॉल में नगर पालिका कर्मचारियों का स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बालमुकुंद अजयसिंह भाटी (नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि) महेशचंद्र सोनी (न.पा.उपयंत्री), राजीव आर्य (नगर मंत्री भा म संघ) की उपस्थिति में भारत माता व विश्वकर्माजी के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त अवसर पर अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखते हुए सफाई कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की एवं उनके द्वारा सौपे गए मांग पत्र पर शीघ्र ही उचित कार्रवाई हेतु आश्वासन दिया। उक्त कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ जावरा की नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया। जिसमें अध्यक्ष पद पर शिव चांवरे, उपाध्यक्ष हंसराज बिड़वान, सुश्री मोनिका चौहान को मनोनित किया। वही सचिव कपिल बिड़वान, सह सचिव राकेश चांवरे, कोषाध्यक्ष कैलाश छापरी, मंत्री सोनू चौहान, देवबाली कार्यालय मंत्री चंदन चांवरे, मीडिया प्रभारी अभय चौहान आदि को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसी के साथ विशेष रूप से उपस्थित थे मनीष ऊँटवाल, अनिल धारीवाल, अनिल मोदी, राजेश धाकड़, सोनू यादव, दशरथ कासानिया, राजेश चाँवरे, सुनील कंडारे, शिव कंडारे, रमेशचंद चौहान, सिद्धिक बेग, कमल चौहान, करण कल्याणे, प्रकाश बारवासे आदि उपस्तिथ रहे। संचालन पुखराज बिड़वान व आभार सचिव कपिल बिड़वान ने माना।

ब्लेंडर्स प्राइड ने ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन लॉन्च किया

रतलाम. ब्लेंडर्स प्राइड ने ब्लेंडर्स प्राइड ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन के लॉन्च की घोषणा की है. यह एक लिमिटेड-एडिशन पेशकश है, जो बोल्ड ब्लैक सौंदर्य को ब्लेंडर्स प्राइड के आइकॉनिक ब्लेंड के साथ जोड़कर एक वास्तव में विशिष्ट अनुभव प्रस्तुत करती है. आकर्षक ब्लैक डिज़ाइन में पैक किया गया ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन चुनिंदा व्हिस्की प्रेमियों के लिए बारीकी से तैयार किया गया है—वन इन अ मिलियन के लिए. केवल दस लाख बोतलों की उपलब्धता के साथ, यह एडिशन जितना रेयर है उतना ही रिफाइंड भी है. पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड भारत में प्रीमियम व्हिस्की के मानकों को लगातार नया रूप देता रहा है. ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन का लॉन्च ब्रांड का अब तक का सबसे रिफाइंड एक्सप्रेशन है- एक ऐसा इवोल्यूशन जो इसकी स्थायी विरासत को एक बोल्ड नई डिज़ाइन लैंग्वेज में बदलता है. इस वर्ष, ब्लेंडर्स प्राइड अपने मूल मूल्यों को एक ऐसे सौंदर्य के माध्यम से जीवंत कर रहा है जो आकांक्षा, विशिष्टता और कारीगरी का उत्सव मनाता है.

घाटी चढ़ते रिवर्स हुआ ट्रक पिकअप पर चढ़ा

नवभारत न्यूज

रतलाम। घाटी चढ़ते समय ट्रक में आई तकनीकी खराबी ने तीन लोगों की जान ले ली। ट्रक जब चढ़ाई कर रहा था तो वाहन पीछे (रिवर्स) होने लगा। इस पर धीरे-धीरे गति तेज हो गई और फिर वह पीछे आ रहे पिकअप वाहन पर चढ़ गया। इससे वाहन में सवार तीन लोगों की दबने से मौत हो गई। रतलाम-झाबुआ मार्ग पर

हादसे में 3 लोगों की मौत, 3 घंटे की मशक्कत के बाद शव निकाले

सोमवार रात को हुआ। हादसा जिले के बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम उंडवा के समीप कोयला घाटी में सोमवार रात को टाइल्स से भरा एक ट्रक झाबुआ से रतलाम की ओर आ रहा था। चढ़ाई के दौरान ट्रक में खराबी आने के कारण आगे बढ़ाने की बजाय अचानक पीछे (रिवर्स) आने लगा। पीछे चल रहे एक लोडिंग वाहन पिकअप वैन चालक कुछ समझ पाता, उसके पहले ही ट्रक ने उसे पीछे धकेलना शुरू किया। इस घटना में पीछे वाला सड़क किनारे होकर गिर गया। उसके ऊपर ट्रक भी जा गिरा, जिससे वाहन पिचक गया और उसमें सवार रतलाम के दो लोगों की मौत हो गई वही एक झाबुआ जिले का है। बताया जा रहा है ट्रक में

अचानक आई तकनीकी खराबी से ट्रक आगे बढ़ाने की बजाय पीछे रिवर्स होने लगा था। जिससे हादसा हो गया।

इनकी हुई मौत

मृतकों की पहचान अब्दुल हमीद (50 वर्ष, निवासी झाबुआ), रियाज अहमद (48 वर्ष, निवासी रतलाम) और जफर शकूर (52 वर्ष, निवासी रतलाम) के रूप में हुई है।

शव निकालने जेसीबी बुलाई

बिलपांक थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन और जेसीबी की मदद से लगभग ढाई से तीन घंटे की मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। तीनों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया, पोस्टमार्टम हुआ। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया, जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। ट्रक ड्राइवर की पुलिस तलाश कर रही है।

रात में दो गुट हुए आमने-सामने, लाठियां और लात घूंसे चले

नवभारत न्यूज

रतलाम। शहर में कहा-सुनी और फिर विवाद के बाद दो गुट सामने-आमने हो गए। विवाद बड़ा तो पहले लात-घुंसे चले और फिर लाठियां चलने लगी। दोनों गुटों में

देर तक चला हंगामा, पुलिस आई तो भाग गए सभी युवक

युवक शामिल थे। जानकारी के अनुसार अब शहर के बीचोबीच,स्टेशन रोड पुलिस थाने के ठीक पीछे गुंडे बदमाशों द्वारा जमकर उत्पात मचाने की खबरे आ रही है।

स्टेशन रोड थाने के पीछे बदमाशों ने एक दूसरे के ऊपर लात घुसे और लाठियां भांजी। पास ही खड़े किसी युवक ने घटना का वीडियो भी बना लिया जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

घटना बीती रात सोमवार की है, जहां दो पक्षों के करीब 10 - 12 युवक एक दूसरे पर जमकर लाठियां ओर लात घुसे से मारपीट कर रहे है। घटना स्थल स्टेशन रोड थाने के बिल्कुल पीछे है। यहां पर पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के क्वार्टर भी है।

बताया जा रहा है कि काफी देर तक दोनों गुटों में मारपीट हुई और हंगामा चलता रहा। बाद में पुलिस जब मौके पर पहुंची उसके पहले सभी वहां से भाग चुके थे। विवाद का कारण क्या था और विवाद करने वाले कौन लोग थे । इस संबंध में अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में थाने पर कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। मौके से एक बिना नंबर की मोटर साइकिल मिली, जो थाने पर खड़ी करवा दी गई है। पुलिस वीडियो सामने आने के बाद अपने स्तर पर मामले का पता लगा रही है। उल्लेखनीय है कि शहर में लगातार वारदाते सामने आ रही है।

काला-गोरा भेरुजी मंदिर के चोरों ने तोड़े दान पात्र

नवभारत न्यूज

रतलाम। चोर अब मंदिर को भी निशाना बनाने लगे हैं। शहर से लगे और प्रसिद्ध काला गोरा भेरू मंदिर

चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में हुई कैद

पर बीती रात अज्ञात चोरों ने हाथसाफ किए हैं। चोर मंदिर परिसर से दान पत्र तोड़कर रुपए चुरा कर ले गए। चोरी की घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस अज्ञात चोरो की तलाश में जुट गई है।



जानकारी के अनुसार धौलावाड रोड स्थित प्रसिद्ध काला गोरा मंदिर पर बीती रात चोरों ने उत्पाद मचाया। दो चोर आधी रात को मंदिर परिसर में घुसे और मंदिर परिसर में रखे दान पात्र को तोड़कर उसमें रखे पैसे चुरा कर ले गए। चोरी की घटना की जानकारी तब लगी जब मंदिर के पुजारी रोजाना की सुबह पूजा करने मंदिर पहुंचे।

पुजारी ने घटना की जानकारी समिति के सदस्यों को दी। समिति के सदस्य मंदिर पहुंचे। पुजारी के अनुसार दान पात्र कई महीनो से नहीं खोला गया था। दान पात्र में करीब 15 हज़ार रुपए रखे हुए थे। सूचना मिलते ही दीनदयाल नगर थाना पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्तर पर लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

सृजन महाविद्यालय के विद्यार्थियों की 'स्वदेशी के लिए दौड़'

नवभारत न्यूज

रतलाम। युवा दिवस के अवसर पर सृजन महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 'स्वदेशी के लिए दौड़' का आयोजन कर समाज को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करने और महर्षि स्वामी विवेकानंद के विचारों से जोड़ने का प्रेरणादायी संदेश दिया। यह दौड़ डोसी गांव स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ हुई, जिसमें महाविद्यालय के साथ-साथ विद्यालय के बाल विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों में स्वदेशी भावना का विकास तथा स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेना रहा। इस अवसर पर सृजन भारत के संयोजक अनिल झालानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'आप सभी विद्यार्थियों को विवेकानंद जैसा बनने का प्रयास अवश्य करना

चाहिए। यह मार्ग कठिन है, परंतु प्रयास करना एक भारतीय होने के नाते हमारा कर्तव्य है। यदि हम इस दिशा में सफल होते हैं, तो इस युग में एक महान राष्ट्र के निर्माण में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।'

कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी मंच से स्वतंत्रपाल ने विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की शपथ दिलाई। वहीं जन अभियान से शैलेंद्र सिंह ने भी इस 2 किलोमीटर मैराथन दौड़ में भाग लेकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर सृजन महाविद्यालय से प्राचार्य डॉ जिंदल यादव, समन्वयक निसर्ग दुबे, खेल शिक्षिका ताहिरा खान, शासकीय माध्यमिक विद्यालय से प्रधानाध्यापिका रीना कनोजिया, कविता सक्सेना सहित अन्य शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के प्रति सकारात्मक सोच को मजबूती प्रदान की। दौड़ के बाद धावकों को प्रमाण पत्र दिए गए।

भगतसिंह महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

जावरा। ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत भगतसिंह महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिवर आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड की नवांकुर संस्था चित्रांश सामाजिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भगतसिंह महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण व महाविद्यालय के प्राचार्य को डस्टबिन भी दिए गए। स्वास्थ परीक्षण में आंखों की जांच, ब्लड ग्रुप टेस्ट, सुगर टेस्ट, ब्लेड प्रेशर जांच आदि की गई। कार्यकम में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी रतलाम अध्यक्ष प्रीतेश गादिया, कोषाध्यक्ष संजय लुनिया, कॉलेज प्राचार्य एजी पठान, ब्लॉक समन्वयक युवराजसिंह पंवार , रेडक्रॉस चेयरमैन वीरेंद्र सिसोदिया केवी, विद्या तिवारी अतिथि थे। संस्था के पदाधिकारी कायक्रम संयोजक धर्मेंद्रसिंह तोमर, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, भूपेंद्र सारदा , नंदकिशोर मांदलिया, मुकेश भाटी, नरेश मारवाड़ी नवांकुर संस्था अध्यक्ष पार्षद शिवेंद्र माथुर, अरुण राव, अंसार खान, साहिल राठौड़ उपस्थित थे। सीविल अस्पताल जावरा के भारतसिंह सोलंकी, विनोद पाटीदार, राजेश गोस्वामी, सिस्टर स्वीटी झाला, प्रियंका कछावा ने अपनी सेवाएं दी। संचालन शिवेंद्र माथुर, आभार कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने माना।

हनुमान भक्ति और समरसता भाव के साथ मनाई मकर संक्रांति

नवभारत न्यूज

रतलाम। सेवावीर परिवार द्वारा प्रति मंगलवार आयोजित किए जा रहे हनुमान चालीसा पाठ की श्रृंखला के अंतर्गत 228वाँ हनुमान चालीसा पाठ हाट की चौकी, भाम्भी मोहल्ला स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रति वर्ष की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। स्वजनों एवं संतों की उपस्थिति में भारत माता का पूजन एवं आरती की गई, तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं को तिल-गुड़ का वितरण कर मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ दी गईं। मकर संक्रांति उत्सव को विशेष भव्यता प्रदान करने हेतु अनेक संत महापुरुषों का पावन आगमन हुआ। इस अवसर पर

अखंड ज्ञान आश्रम के स्वामी देवस्वरूपानंदजी महाराज, स्वामी आनंदगिरिजी महाराज, स्वामी नरेंद्रगिरिजी महाराज, स्वामी सेवानंदजी महाराज उज्जैन एवं महर्षि संजय दवे जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी संतों के आशीर्वचनों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। इस अवसर पर संत आनंदगिरि जी महाराज के सानिध्य में 19 जनवरी से रतलाम नगर में प्रारंभ होने वाले 51 कुंडीय शिवशक्ति यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का समस्त समाजजन से आग्रह किया गया। कार्यक्रम में सेवावीर परिवार के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासी उपस्थित रहे। इस आयोजन ने समाज में धर्म, संस्कृति, सेवा और समरसता के भाव को और अधिक सशक्त किया।

एसपी को जनसुनवाई में आएं 34 आवेदक

रतलाम। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए 34 आवेदको की शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से सुना। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम शहर राकेश खाखा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त विभिन्न शिकायतो को सुनकर थाना प्रभारीयो से प्रकरणों के बारे में एवं की गई कार्यवाही की जानकारी ली साथ ही नई शिकायतो पर शीघ्र कार्यवाही कर निराकरण करने एवं की गई कार्यवाही से अवगत कराने के संबंध में निर्देश दिए गए। उप पुलिस अधीक्षक अजय सारवान, निरीक्षक जितेंद्रसिंह जादौन, निरीक्षक सत्येंद्र रघुवंशी, पतिराम डावरे, रेखा चौधरी, पार्वती गौड़, उप निरीक्षक अनुराग यादव आदि पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

एडीआरएम ने किया कैलेंडर का विमोचन

नवभारत न्यूज

रतलाम। ऑल इंडिया रेलवे अकाउंट्स स्टाफ एसोसिएशन के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन अपर मंडल रेल प्रबंधक अक्षय कुमार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक राजेश मीणा एवं जेठमल रेगर तथा ऑल इंडिया रेलवे अकाउंटस स्टाफ एसोसिएशन के कम्युनिकेशन सेक्रेटरी प्रकाश व्यास भी उपस्थित रहे। संगठन के मंडल अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया रेलवे अकाउंट स्टाफ एसोसिएशन के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी आफाक हुसैन अंसारी ने अपर मंडल रेल प्रबंधक का शांल एवं मोमेंटो से स्वागत किया तथा संगठन की गतिविधियों पर भी चर्चा की। कलेक्टर ने महत्वपूर्ण जानकारी को दिया गया हैं। संगठन के मंडल मंत्री अनिल जैन कोषाध्यक्ष दिलीप कानूनगो कार्यकारी अध्यक्ष तुषार हाडा, दिलीप साहू, सुरेश चंद्र शर्मा, शंकर यादव, भेरूलाल, सत्यनारायण पापटवाल, दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

समस्याओं से रूबरू होने वार्डों में नपा अमला

जावरा। शहरवासियों को मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगरीय सीमा के हर वार्ड में शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसी कडी में मंगलवार को नगर के वार्ड क्रमांक 1 के अंतर्गत अजमेरी गेट क्षेत्र व वार्ड क्रमांक 2 में इस तरह के शिविर आयोजित किए गए।

प्रभारी दशरथ चौहान ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा शासन की मंशानुरूप संकल्प से समाधान अभियान की शुरुआत की गई. जो 12 जनवरी से प्रारंभ हो चूका हैं. यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा। इसी प्रकार स्वच्छ जल अभियान 10 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। इसके चलते जल सुरक्षा, जल संरक्षण के साथ ही पानी को लेकर जनसुनवाई होगी। जिसे जल सुनवाई नाम दिया गया है। चौहान ने बताया कि इन अभियानों के तहत हर रोज प्रात: 11 बजे नगर के सभी वार्डों में क्रमानुसार कैंप लगाए जाएंगे। इनमें शाम 4:30 बजे तक संबंधित वार्ड के लोगों की समस्याएं सुनी जाएगी और उनके निराकरण के प्रयास किए जाएंगे।

शिविर में जनता जल की समस्या के अलावा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकती है।

अवसर पर उपन्यत्री राजीव राव, पुखराज बिडवान, पूजा चारण, सुरेश राव, जफर अब्बासी, शाहनवाज खान, अजय विजवा सहित नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट जैन सोश्यल ग्रुप गोल्डन ने आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया टूर्नामेंट

कपल क्रिकेट टूर्नामेंट में गोल्डन रॉयल्स बना विजेता

नवभारत न्यूज

जावरा। जैन सोशल ग्रुप जावरा गोल्डन की पारिवारिक सभा का आयोजन स्कॉलर पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के दंपति सदस्यों के लिए एक विशेष एवं रोमांचक कपल क्रिकेट टूर्नामेंट (जीपीएल सीजन 3) का आयोजन किया गया, जिसे आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया गया। यह टूर्नामेंट लगातार तीसरे वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। टूर्नामेंट में कुल 7 टीमों ने भाग लिया। टीमों के कप्तान क्रमश: जितेंद्र-सरिता जैन, पियूष-पायल चपड़ोद, अर्पितङ्कृतिका नाहटा, नीरज, खुशबू मेहता, नीरज वंदना वया, नितिन-प्रियंका चोरडिया एवं मलय-प्रियंका नाहर रहे। सभी मुकाबले अत्यंत रोमांचक एवं दर्शकों से भरपूर रहे। टूर्नामेंट के दौरान डीजे म्यूजिक, फोटोग्राफी एवं आकर्षक साज-सज्जा ने

माहौल को और भी उत्सवमय बना दिया। दर्शकों ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। फाइनल मुकाबले में मलय प्रियंका नाहर की टीम गोल्डन रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि जितेंद्र सरिता जैन की टीम गोल्डन ब्लास्टर्स उपविजेता रही। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नेहा चेतन चपड़ोद को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। सभी मैचों के प्लेयर ऑफ द मैच क्रमश: सारिका ओरा, समता चपड़ोद, पूजा गंगवाल, स्वाती चोपड़ा, चिराग रूनवाल, मनीष कोच्चटा, संस्था के पदाधिकारियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में सभी कार्यक्रम संयोजकों का विशेष योगदान रहा। संयोजक टीम में नीरज मेहता, पियूष चपड़ोद, जितेंद्र जैन, चिराग रुनवाल, लोकेंद्र ओरा, आदित्य करनावट, अर्पित नाहटा, नीरज वया एवं नितिन रांका शामिल रहे। इस अवसर पर जेएसजी जावरा गोल्डन के संस्थापक एवं मध्यप्रदेश रीजन अध्यक्ष राहुल चपड़ोद ने कहा कि यह गोल्डन जीपीएल का तीसरा सीजन रहा है। साथ ही स्कॉलर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. सी. एम. चेजारा का भी टूर्नामेंट के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

किया बहुमान

कार्यक्रम के दौरान ग्रुप के सदस्य अंकित जैन, चिराग रूनवाल, सुरभि दख, सपना चतर द्वारा पालिताना तीर्थ पर दो दिन तक बिना जल एवं अन्न के सात यात्रा निर्विघ्न पूर्ण करने पर ग्रुप की ओर से शाल, श्रीफल एवं माला से उनका बहुमान किया गया। साथ ही ग्रुप के नवीन सदस्य मलय प्रियंका नाहर एवं प्रियेश खुशबू भंडारी का भी आत्मीय स्वागत किया गया।